वर्ष-15, अंक-86
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
आनंद वहा नहीं हैं, जहा धन मिल, आनंद तो वहा हैं जहां मन मिले।

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, सोमवार, 01 जुलाई 2024

## केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार हाजीपुर पहुंचे चिराग पासवान

### लोगों ने किया जोरदार स्वागत

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
हाजीपुर, लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत के बाद लोजपा रामविलास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का राजनितिक कद बढ़ गया है। उन्हें मोदी कैबिनेट में जगह मिली है। चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का जिम्मा मिला है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद चिराग पासवान रविवार को पहली बार हाजीपुर पहुंचे जहां लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जेसीबी से फूलों की बारिश की गयी। अपने नेता को देख कार्यकर्ता काफी उत्साहित थे। चिराग पासवान जिंदाबाद के नारों से पूरा हाजीपुर गूंज उठा।



कार्यकर्ताओं और हाजीपुर की जनता के इस प्यार को देख चिराग पासवान भावुक हो गये। चिराग पासवान ने कहा कि जिस तरह से मेरे नेता जी रामविलास पासवान ने विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी निभाते हुए गरीबों के लिए काम किया था। उसी तरह से मैं भी गरीबों के लिए काम करूंगा। एक सांसद के तौर पर यह मेरी जिम्मेदारी भी है। चिराग ने आगे कहा कि मैंने अपने लोकसभा क्षेत्र हाजीपुर की समस्याओं पर काम करने भी शुरू कर दिया है। यहां बंद होने जा रहे केंद्रीय विद्यालय को फिर से शुरू करवाएंगे। इलाके में बस स्टैंड की समस्या है उसे भी बनवाया जाएगा।

बता दें कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने जमुई की अपनी पुरानी सीट छोड़ इस बार दिवंगत पिता रामविलास पासवान की परम्परागत सीट हाजीपुर से चुनाव लड़ा था और चुनाव में बड़ी जीत दर्ज भी हासिल की। पांच सीट पर उनकी पार्टी ने बिहार में लोकसभा का चुनाव लड़ा और पांचों में पांचों सीट पर विजय हासिल की। इस जीत के बाद चिराग पासवान को केंद्रीय मंत्री बनाया गया। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की जिम्मेदारी उन्हें दी गयी है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद चिराग पासवान पहली बार अपने लोकसभा क्षेत्र हाजीपुर पहुंचे थे। जहां हाजीपुर की जनता और पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान मंच को चिराग पासवान ने संबोधित किया और स्थानीय समस्याओं को लेकर चिंता जतायी। कहा कि जल्द ही हाजीपुर की सभी समस्याओं का निदान होगा। चिराग पासवान ने क्षेत्र में स्कूल, बस स्टैंड, ऑडिटोरियम और साफ-सफाई जैसी समस्याओं को लेकर कहा कि इन समस्याओ को लेकर हमने काम करना भी शुरू कर दिया है। चिराग पासवान ने पिता रामविलास पासवान की उपलब्धियों और उनके किये गए कामों का जिक्र करते हुए कहा कि बेशक वे केंद्रीय मंत्री हैं लेकिन सांसद के तौर पर स्थानीय समस्याओं पर भी उनकी नजर है। साफ है कि चिराग पासवान भी यह बात समझ रहे हैं कि राजनीति या केंद्र की सत्ता का रास्ता इसी रास्ते से होकर जाता है। जिस पर चलकर चिराग पासवान सांसद बने और फिर केंद्रीय मंत्री बने हैं। बड़ी बात ये भी है कि चिराग के सामने अपने पिता के बड़े लकीर को पाटने की भी चुनौती है। जिसे रामविलास पासवान ने अपने लम्बे राजनितिक जीवन में हाजीपुर में बनाया। अब देखना यह होगा की लोकसभा चुनाव की पहली परीक्षा में लंबी छलांग लगाने वाले चिराग पासवान हाजीपुर का कितना विकास कर पाते हैं।

## पुलिस की वर्दी के साथ दो फर्जी कांस्टेबल अरेस्ट

### धौंस दिखाकर लोगों से करते थे वसूली

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
नालंदा, नालंदा की बिहार थाना पुलिस ने गढ़पर और शेखपुरा के बरबीघा से दो फर्जी पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से पुलिस ने पुलिस की वर्दी के साथ साथ कई दस्तावेज भी बरामद किए हैं।



गिरफ्तार आरोपी की पहचान बरबीघा थाना क्षेत्र के मउर गांव निवासी पप्पू कुमार और जमुई जिला खड़कपुर गांव निवासी सूर्यनारायण यादव का बेटे मनीष कुमार के रूप में हुई है। दोनों के पास से पुलिस की वर्दी के अलावे कई दस्तावेज को भी जब्त किया है।

सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी गढ़पर स्थित किराया के मकान में रहता था और लोगो को वर्दी की धौंस दिखाकर अवैध वसूली करता था। पप्पू कुमार को बरबीघा से गिरफ्तार किया गया है और मनीष कुमार को गढ़पर से गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### बेतिया में दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

## ATM-सिम कार्ड-मोबाइल सहित 7.10 लाख कैश बरामद

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
बेतिया, साइबर अपराधियों के खिलाफ बेतिया में पुलिस ने कार्रवाई की है। बेतिया पुलिस ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एटीएम, सिम कार्ड, मोबाइल सहित 7 लाख 10 हजार रुपये नगद बरामद किया गया है। साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस इस कार्रवाई को बड़ी सफलता मान रही है।



सदर एसडीओ विवेक दीप ने इस बात की जानकारी दी है। बताया कि मझौलिया थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि जौकटिया में कुख्यात फ्रॉड मिंटू आलम उर्फ अबरार व इम्तियाज आलम मिलकर फर्जी,ऋरू फर्जी मोबाइल व सिम कार्ड के साथ लगातार साईबर ठगी का काम कर रहें हैं। साईबर ठगी करके लाखों रुपये अर्जित कर रखे हैं।

उक्त सूचना को वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए जौकटिया स्तिथ मिंटू आलम के घर की घेराबंदी करते हुए मिंटू आलम उर्फ अबरार को झोला लेकर भागते हुए पकड़ा गया। झोला की तलाशी लेने पर बरामद झोले से विभिन्न कम्पनी के मोबाइल फ़ोन, सिम कार्ड,ऋरूबरामद किया गया। वहीं उसकी निशानदेही पर इम्तियाज आलम को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 5 मोबाइल फ़ोन,5,ऋरू कार्ड सहित 7 लाख 10 हज़ार रूपए बरामद किया गया। इस मामले में मखौलिया थाने में आईश टीश एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## शिवहर श्रम संसाधन विभाग ने ढाबा गैरेज होटल दुकान में की छापेमारी

### 2 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
शिवहर, श्रम अधीक्षक,श्रम संसाधन विभाग शिवहर के द्वारा शिवहर जिला के पिपराही प्रखंड में विभिन्न ढाबा गैरेज होटल दुकान में छापेमारी कर 2 बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। बच्चों को बाल कल्याण समिति में उपास्थापना कर दिया गया एवं संबंधित प्रतिष्ठानों पर कानूनी कार्रवाई की गई



धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अभय पांडेय ,हैदर अलीअंसारी,सचिव सवेरा स्वयंसेवी संगठन, मोहन कुमार,प्रणव मुन्ना कुमार,पु. अ. नि. पुलिस पदाधिकारी, श्याम विनय सिंह, श्री राम फाउंडेशन ,अनिल कुमार,कोमल, बिहार ग्राम विकास परिषद महिमा प्रथम पुलिस बल शामिल थे द्य विभिन्न चौक चौराहा पर लोगों को जागरूक किया गया लोगों को बताया गया कि कि बाल मजदूरी करना कानून गुनाह है द्य अगर कहीं भी बाल मजदूरी देखा जाता है तो उसे दुकानदार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी

## शिवहर कमलापुरी वैश्य समाज के कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्ति

### प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री ने पत्र देते हुए अखिलेश कुमार को जिले की जिम्मेदारी दी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
शिवहर, अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा शिवहर के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार को बनाया गया है। अखिल भारतीय कमलापुरी बस महासभा बिहार प्रदेश की द्वितीया बैठक दरभंगा में कल 30 जून को आयोजित की गई थी जिसमें शिवहर जिला के कमलापुरी के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता के द्वारा इस्तीफा देने के कारण रिक्त पद पर बिहार प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता तथा प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश गुप्ता के द्वारा अखिलेश्वर कुमार पिता रामनारायण प्रसाद गुप्ता कुंज गली वार्ड नंबर 19 शिवहर को कार्यकारी अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र देते हुए शिवहर जिले की जिम्मेदारी दी है। वहीं पिपराही मेसौढा निवासी भाजयुमो जिलाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता को प्रदेश संयुक्त मंत्री पद से नवाजा गया है। इस बाबत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रानी गुप्ता, दोस्तियां मुखिया सुनैना देवी व उनके पति सुनील कुमार सहित अन्य बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बसंत कुमार सिंह विधानसभा चुनाव को लेकर ने ताल ठोका, लड़ेंगे विधानसभा का चुनाव

**अध्यक्ष बसंत कुमार सिंह- मेरा अथक प्रयास होगा कि पार्टी एक बार मुझे मौका दे**

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

शिवहर, शिवहर विधान सभा चुनाव के रेस में भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष बसन्त कुमार सिंह ने भी दावा ठोका है ।

किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष बसन्त कुमार सिंह ने कहा कि विधान सभा चुनाव को लेकर मैं पिछले वर्षों से लगातार जनता के बीच में हूं ,पार्टी के हर एक कार्यक्रम में हिस्सा लेता रहा हूं। हमेशा प्रदेश संगठन के लोगों से मेरी बातचीत होती रहती है।

उन्होंने कहा है कि प्रदेश से निर्देश भी है कि आप हमेशा मतदाताओं से मिलते जुलते रहें। सही वक्त पर उचित फैसला पार्टी द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आलाकमान जो भी फैसला लेगा उसे मैं स्वीकार करूंगा ।पार्टी जिसे भी मौका देगी मैं उनके साथ रहूंगा ।पार्टी के लिए मैं दिन रात समर्पित रहता हूं ।मैं अपने कर्तव्य पथ पर चल रहा हूं ।अब पार्टी को विचार करना है ।वो जिसे चाहे उम्मीदवार बना सकती है ।मैं तन मन धन से उनका साथ दूंगा।

बसंत कुमार सिंह ने कहा है कि मेरा अथक प्रयास होगा कि पार्टी एक बार मुझे मौका दे ।निर्दलीय और दलबदलुओं पर पार्टी जरूर सोंचेगी।

## बिहार में घूस मांगते महिला दारोगा का ऑडियो वायरल

### कहा-ई कोई खेला पच्चीसी ना हो रहा है..20 हजार से कम ना लेंगे

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
मुजफ्फरपुर, बिहार में डबल इंजन की सरकार है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार चल रही है। इस सरकार में अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर पहुंच गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होगा जिस दिन बिहार में क्राइम की वारदातें नहीं होती होगी। अपराधियों के हौसले को देखकर यही लगता है कि इनमें पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। यही कारण है कि बेखौफ अपराधी क्राइम की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। तो वही पुलिस के पदाधिकारी नजराना वसूलने में व्यस्त है। यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि मुजफ्फरपुर की महिला दारोगा के वायरल ऑडियो को सुनकर तो ऐसा ही प्रतीत होता है। मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर संवेदना स्नेही का कथित तौर पर नजराना मांगने का ऑडियो सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में महिला दारोगा केस मैनेज करने के लिए 20 हजार रुपये का डिमांड कर रही है। फर्स्ट बिहार वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता। लेकिन वायरल ऑडियो में महिला दारोगा और आरोपी के बीच क्या कुछ बातचीत हुई जानिए...

महिला दारोगा..तुम सोच समझकर बता देना,मुखिया फोन किया था हमको सुबह में

आरोपी..क्या बताऊं मैंम, मेरा भी स्थिति ठीक नहीं है उस समय भी 20 हजार लग गया

महिला दारोगा..तुम हमको दिये थे पैसा

आरोपी..आप ही को देने के लिए दिये थे बीच में पैसा...

महिला दारोगा..तुम आओ और अपना काम कराओ पांच बार फोन किया है दबाव बनाने के लिए, 20 हजार से कम में तुम्हारा काम नहीं होगा, फिर अपना समझ लेना तुम

आरोपी..अभी किसी से जुगाड़ करना होगा मैम..मांगना होगा

महिला दारोगा..तुम अपना समझो, तुम्हारा काम है हम नहीं जानते

आरोपी..मैंम मैं आपका पांव पर रहा हूं,दस हजार ले लीजिए

महिला दारोगा..ठीक है फोन रखो तुम, रेप केस में अपना बेल करवा लो यदि तुमको बेल हो जाता है तब, तुम बेवकूफ हो उस समय भी बेवकूफी किये और अभी भी बेवकूफी कर रहे हो।



आरोपी..हम तो इस सबके चक्कर में कभी पड़े नही थे, उस समय पकड़ा गये कुछ समझ में नहीं आ रहा था, जैसे लोग कहा वैसा कर दिये.

महिला दारोगा..तुम बेवकुफ हो अपना समझो,आधा एक घंटे में बता देना इसलिए कि आज ही का ही दिन है दिसाइडिंग का..यदि आज नहीं हुआ तो कल शेखपुरा कागजी कार्रवाई में हम लग जाएंगे। बाप तो उसका आएगा नहीं। हम किसी को पकड़ने भी नहीं जा रहे हैं तुम भी गायब हो जाओ। तुम आओ चुपचाप अपना काम करवाओं। 20 हजार से कम में काम नहीं होगा।

आरोपी..मैडम कुछ ले देके कर देते

महिला दारोगा..नहीं उतना में नहीं होगा बाबू

आरोपी..एक हजार और ले लीजिए मैडम

महिला दारोगा..रखो फोन यहां खेला पच्चीसी नहीं हो रहा है।